न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, शाहपुरा जिला भीलवाड़ा (राज0)

पीठासीन अधिकारी श्रीमती शिल्पा सिंह, आई0ए0एस0

प्रकरण संख्या – **142 /21**

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 128 लैण्ड रेवेन्यू एक्ट, 1956

उनवान

1– उदा पुत्र बन्ना गुर्जर निवासी सालरिया खुर्द तहसील शाहपुरा
2– लाली पुत्री बन्ना गुर्जर निवासी सालरिया खुर्द तहसील शाहपुरा

– प्रार्थीगण

बनाम

1– शंकर पिता बालू गुर्जर निवासी सालरिया खुर्द तहसील शाहपुरा
2– किशन पिता काशी गुर्जर निवासी सालरिया खुर्द तहसील शाहपुरा
3– रायमल पिता बालू गुर्जर निवासी सालरिया खुर्द तहसील शाहपुरा
4– जगदीश पिता गांगा गुर्जर निवासी सालरिया खुर्द तहसील शाहपुरा
5– हीरा पिता रूपा खाती निवासी सालरिया खुर्द तहसील शाहपुरा
6– कमली पत्नी देबी गुर्जर निवासी सालरिया खुर्द तहसील शाहपुरा
7– कालू पिता धन्ना गुर्जर निवासी सालरिया खुर्द तहसील शाहपुरा
8– किसन पिता देबी गुर्जर निवासी सालरिया खुर्द तहसील शाहपुरा
9– गणेश पिता देबी गुर्जर निवासी सालरिया खुर्द तहसील शाहपुरा
10– गमानी पुत्री धन्ना गुर्जर निवासी सालरिया खुर्द तहसील शाहपुरा
11– गोदू लाल पिता देबी गुर्जर निवासी सालरिया खुर्द तहसील शाहपुरा
12– देउ पुत्री देबी गुर्जर निवासी सालरिया खुर्द तहसील शाहपुरा
13– नाराणी पुत्री देबी गुर्जर निवासी सालरिया खुर्द तहसील शाहपुरा
14– रामू पुत्री धन्ना गुर्जर निवासी सालरिया खुर्द तहसील शाहपुरा
15– रामेश्वर पिता धन्ना गुर्जर निवासी सालरिया खुर्द तहसील शाहपुरा
16– शाखा प्रबंधक आईसीआईसीआई बैंक शाखा आकोला तहसील कोटड़ी
17– तहसीलदार शाहपुरा जिला भीलवाड़ा

– विपक्षीगण

उपस्थिति :– **श्री योगेन्द्र सिंह भाटी**
अधिवक्ता प्रार्थीगण

–:: निर्णय ::–

दिनांक– **11/08/2021**

प्रार्थीगण की ओर से प्रार्थना अन्तर्गत धारा 128 राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम, 1956 के तहत विपक्षीगण के प्रस्तुत किया गया, जिसके संक्षेप में तथ्य इस प्रकार से है – प्रार्थीगण के **ग्राम सालरिया** खुर्द तहसील शाहपुरा जिला भीलवाड़ा में स्थित **आराजी नम्बर 1042 रकबा 0.12 है0, 1043 रकबा 0.13 है0, 1046/1899 रकबा 0.04 है0, 1130 रकबा 0.04 है0, 1131/1788 रकबा 0.12 है0, 1134 रकबा 0.21 है0, 1135 रकबा 0.06 है0, 1136 रकबा 0.06 है0, 1137 रकबा 0.79 है0, 1139 रकबा 0.07 है0, 1147 रकबा 0.03 है0, 1579 रकबा 0.39 है0, 1580 रकबा 0.23 है0, 1584 रकबा 025 है0, 1585 रकबा 0.30 है0, 1586 रकबा 0.09 है0, 918 रकबा 0.19 है0** कुल **किता 17** रकबा **3.12** हैक्टेयर के प्रार्थीगण **संयुक्त खातेदार काश्तकार** है। वादग्रस्त भूमि के विपक्षीगण पड़ौसी है। प्रार्थीगण एवं विपक्षीगण के मध्य आराजी के सीमाचिन्ह नही होने से आये दिन सीमा सम्बन्धी विवाद उत्पन्न होता रहता है। अतः पत्थरगढ़ी करवाई जावें।

प्रकरण पंजीबद्ध किया जाकर विपक्षीगण को जरिये सम्मन तलब किया गया। विपक्षीगण सं0 1 **लगायत 15, 17** बावजूद सूचना उपस्थित नही होने से एकतरफा कार्यवाही की गयी। एवं विपक्षीगण **सं0 16** के विरूद्ध अभिभाषक **प्रार्थीगण** द्वारा कोई कार्यवाही नहीं चाहने से उनके विरूद्ध कार्यवाही ड्रोप की गयी। बहस अभिभाषक प्रार्थीगण सुनी गई। हमने पत्रावली का एवं प्रस्तुत खाते की नकल जमाबन्दी **ग्राम सालरिया खुर्द संवत 2074 से 2077** तक का अवलोकन किया। उपरोक्त वर्णित आराजीयात् के प्रार्थीगण

उपखण्ड अधिकारी
एवं सहायक कलेक्टर
शाहपुरा (भीलवाड़ा) राज.

संयुक्त खातेदार दर्ज होकर अपनी आराजीयात की पत्थरगढ़ी कराना चाहते है। अतः प्रार्थीगण द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र **आंशिक स्वीकार** किया जाकर मौजा **सालरिया खुर्द** में स्थित प्रार्थीगण की उपरोक्त **संयुक्त खातेदारी** की आराजीयात् में से **आराजी नम्बर 1136 रकबा 0.06 है0 किस्म गेमु. पाल होने से उक्त आराजियात को छोड़कर शेष किता 16 रकबा 3.06 हैक्टेयर** की पुख्ता पत्थरगढ़ी पक्षकारान् की मौजूदगी में अगर मौके पर अन्य कोई विवाद न हो तो व कोई प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन न हो तो कब्जे में हस्तक्षेप नही करते हुये पत्थरगढ़ी किये जाने हेतु तहसीलदार शाहपुरा को कमिश्नर नियुक्त किया जाता है। पत्थरगढ़ी हेतु **कमिशन फीस 1500/-** रूपये कायम किये जाते है, जो प्रार्थीगण से तहसीलदार शाहपुरा मौके पर प्राप्त करें। पत्थरगढ़ी मौका पर्चा पेश करें। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम से हो। बाद तफसील दाखिल दफ्तर हो।

निर्णय आज दिनांक **11/08/2021** को सरे ईजलास सुनाया गया।

उपखण्ड अधिकारी शाहपुरा (भीलवाड़ा) राज.

(शिल्पा सिंह IAS)
उपखण्ड अधिकारी
एवं सहायक कलक्टर
शाहपुरा जिला भीलवाड़ा

उपखण्ड अधिकारी
एवं सहायक कलेक्टर
शाहपुरा (भीलवाड़ा) राज.

प्रतिलिपि :- तहसीलदार शाहपुरा के पास भेजकर लेख है कि मुताबिक आदेश पक्षकारान् की मौजूदगी में नियमानुसार पत्थरगढ़ी की जाकर पालना रिपोर्ट शीघ्र भिजावें।

उपखण्ड अधिकारी
एवं सहायक कलक्टर
शाहपुरा जिला भीलवाड़ा

उपखण्ड अधिकारी
एवं सहायक कलेक्टर
शाहपुरा (भीलवाड़ा) राज.